महत्वपूर्ण / तत्काल

पत्र संख्या-चरित्र पंजिका/ सामान्य वार्षिक प्रविष्टि-2012-13/ 3890 // वाणिज्यकर.

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्यकर, उत्तर प्रदेश,

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)

दिनांक :: लखनऊ :: 02/12 ~~नवम्बर~~, 2013

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/ ग्रेड-2, वाणिज्य कर ,

समस्त ज्वाइंट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।

कृपया इस कार्यालय के परिपत्र संख्या 260 दिनांक 11-4-2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों के वर्ष 2012-13 से सम्बन्धित गोपनीय मन्तव्य अंकित किये जाने के सम्बन्ध में है । उक्त परिपत्र के माध्यम से यह निर्देशित किया गया था कि आप अपने जोन से सम्बन्धित सभी अधिकारियों के सम्बन्ध में वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियाँ सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर परिपत्र में उल्लिखित निर्धारित समय सारणी के अनुसार मुख्यालय उपलब्ध करायेंगे। आप द्वारा अभी तक अधिकांश अधिकारियों के सम्बन्ध में गोपनीय मन्तव्य उपलब्ध नही कराया गया है ।

आप अवगत ही है कि वार्षिक प्रविष्टियों को विहित समयावधि में पूर्ण कराये जाने के शासन से स्पष्ट निर्देश है और कार्मिकों के सेवा सम्बन्धी प्रकरणो में वार्षिक प्रविष्टियों की अहम भूमिका होती है। विभागीय चयन समिति की बैठकें प्रत्येक वर्ष नियमानुसार होती है । अत: वार्षिक प्रविष्टियों को अद्यावधिक कराया जाना आवश्यक ही नही विधिक वाध्यता भी है ।

अत: उक्त सम्बन्ध में अधिकारियों के गोपनीय मन्तव्य देने वाले अधिकारी यदि सेवानिवृत्त हो गये है अथवा वार्षिक प्रविष्टि देने में विलम्ब/असमर्थता व्यक्त कर रहे हों तो आप अपने स्वयं के संज्ञान एवं अभिलेखों के आधार पर अपने स्तर से प्रविष्टि अंकित कराने की कार्यवाही समयावधि के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।

उपर्युक्त सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ अधिकारियों का उक्त अवधि की वार्षिक प्रविष्टियाँ पूर्ण कराकर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर मुख्यालय पर दिनांक 20-12-13 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जायेगा।

(सेल्वा कुमारी जे0)

एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश लखनऊ ।

2184
2/12/13

पृ0प0 संख्या एवं दिनांक : उक्त ।

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, नोयडा जोन नोयडा ।

2- समस्त मा0 सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, उ0प्र0 ।

3- अपर निदेशक (प्रशिक्षण), वाणिज्य कर, प्रबन्धन एवं शोध संस्थान गोमतीनगर,लखनऊ ।

4- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, मुख्यालय।

5- असि0 कमि0 (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु ।

(विनोद कुमार सिंह)

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

2/12/13